प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राजधानी दिल्ली में धमाके के बाद प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय : यूपी एटीएस और दिल्ली पुलिस की कारवाई में कानपुर और हापुड़ के दो लोग हिरासत में।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव का किया शुभारंभ : कहा– जनजाति समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने को मिशन बनाकर काम कर रही है सरकार।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 23 वां दीक्षांत समारोह हुआ सम्पन्न : कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को दिया गया लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड।
4. मिर्जापुर को मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रतियोगिता में पूर्वी ज़ोन में पहला स्थान : वाराणसी ने दूसरे और जालौन ने तीसरे पायदान पर बनाई जगह।

——————

राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए ब्लास्ट के बाद प्रदेश में पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में लगातार छापेमारीकर रही है। इसी क्रम में यूपी एटीएस ने कानपुर के हृदय रोग संस्थान के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मोहम्मद

आरिफ को कल देर शाम उनके घर से हिरासत में लिया है। एटीएस की एक टीम दिल्ली आतंकी हमले से कथित तौर पर जुड़े आरोपी डॉक्टर परवेज अंसारी के बारे में पूछताछ करने के लिए आज शाम लखनऊ की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी भी पहुंची। वहीं दिल्ली पुलिस ने हापुड़ के जीएस मेडिकल कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर फारूख अहमद डार को हिरासत में लिया है। डॉ फारुख अहमद डार ने फरीदाबाद की अल्फलाह यूनिवर्सिटी में कुछ महीने प्रैक्टिस की है। जीएस अस्पताल के उपनिदेशक मनोज सिसोदिया ने बताया कि पुलिस ने कल देर रात यह कारवाई की। बाइट.....

*छह से सात लोग थे सिविल ड्रेस में थे। एक डॉक्टर के बारे में जानकारी मांगी उन्होंने और हमने उनका पूरा सहयोग करते हुए उस डॉक्टर का जहां रहते थे हमारे टीचिंग क्वार्टर में रहते हैं तो उनके पास वह उनको लेकर गए हैं और हमें मामला उन्होंने कुछ बताया नहीं किस प्रकरण में ले जा रहे हैं। वह वहां से अपने साथ ले गए और बाद में बताया हम दिल्ली पुलिस से।*

इन दोनों संदिग्धों को पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिल्ली में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश में पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरत रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से सटे जनपदों में सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। बाइट.....

*जांच एजेंसियां जो सेंट्रल एजेंसीज हैं, स्टेट एजेंसीज हैं जांच कर रही हैं। जांच से पहले कुछ कहना उचित नहीं होगा। वह संवेदनशील प्रकरण है।*

*उत्तर प्रदेश के लिहाज से मैं कहना चाहता हूं। सभी जनपदों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है सतर्कता बरते, निगरानी बरते। इसके अलावा जो दिल्ली से सटे जनपद हैं, उसमें गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और स्थानीय पुलिस इकाइयां सक्रियता के साथ काम कर रही हैं और हर बिंदु को जांच परखा जा रहा है।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकनायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार जनजाति समुदाय को समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने केलिए अभियान चला रही है। बाइट.....**

*जितनी भी जनजातियां उत्तर प्रदेश के अंदर हैं, उन सभी जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हो और उन्हें सिचुएशन के लक्ष्य तक पहुंचाने की दिशा में सरकार कार्य करेगी। इसमें थारो, मुसहर, चेरो, बुक्सा, सहरिया, कोल या फिर गौड़ जितने भी जनजातियां हैं, इन सभी जनजातियां को शासन की सभी प्रकार की योजनाओं उसे पूरी तरह आच्छादित करने के लिए सरकार ने एक मिशन मोड पर अभियान चलाया।*

**18 नवम्बर तक चलने वाले जनजाति भागीदारी उत्सव में कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश, भागीदार राज्य के रूप में सम्मिलित हो रहा है। उत्सव में 18 राज्यों के लगभग 600 ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकार अपने पारंपरिक नृत्य, गीत और वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। इस दौरान**

पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, लोक चित्रकला और जनजातीय आभूषणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनेगी।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां प्रदान कीं । इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल और रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे संतोष कुमार गंगवार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं, इसका उपयोग समाज के कल्याण, मानवता के उत्थान और राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए।

——————————

एसआईआर के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में लगभग 12 करोड़ 33 लाख से ज़्यादा फॉर्म वितरित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक यह संख्या अन्य राज्यों की अपेक्षा सबसे अधिक है। दूसरे चरण में, चुनाव आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू किया है। यह गणना अगले महीने की 4 तारीख तक जारी रहेगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के मिर्जापुर जिले को राष्ट्रीय जल पुरस्कार में देश के नॉर्दर्न जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं वाराणसी ने दूसरा और जालौन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि चित्रकूट को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार मिला है। इन ज़िलों को जल संरक्षण और संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर यह गौरव हासिल हुआ है। विजेता जिलों को दो–दो करोड़ रुपये और चित्रकूट को एक करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

——————————

विकसित उत्तर प्रदेश–2047 पर मंथन करने के लिए कृषि विभाग लखनऊ में 17 नवम्बर को जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें लगभग 300

कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और अधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। बाइट.....

*जहां विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने भारत का 12 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनमी बनाए जाने का लक्ष्य रखा। वहीं पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 6 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनमी उत्तर प्रदेश बनाने का उन्होंने लक्ष्य रखा। उसमें से 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी होगी।*

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को शत प्रतिशत ऋण का आश्वासन प्रदान करती है। यह योजना बीस हज़ार करोड़ तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी, जिससे तरलता और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम को भी स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह एक प्रमुख पहल है। बाइट.....

*आज यह एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन स्टार्ट किया गया है। ₹25,060 करोड़ का इसका आउट ले है। 6 साल की इसकी अवधि है और इसमें बहुत ही कॉम्प्रिहेंसिव तरीके से पूरे कंप्लीट एक्सपोर्ट की इकोसिस्टम को सपोर्ट करने का इसमें डिसीजन लिया। प्रायोरिटी उन सेक्टर्स को दी जाएगी जिनके*

*ऊपर अभी एक एडवर्स इंपैक्ट है जैसे टेक्सटाइल है, लेदर है, जेम्स, ज्वेलरी है, इंजीनियरिंग गुड्स और मैरिन प्रोडक्ट्स है।*

———————————

**देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की पीढ़ियों को एकजुट होने, आगे बढने और राष्ट्र भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*वंदे मातरम का आह्वान न केवल आवाजों में गूंजता था, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के रंगों और प्रतीकों में भी जीवंत था। यह राष्ट्रीय ध्वज के कई शुरुआती संस्करणों पर दिखाई दिया। 1904 में सिस्टर निवेदिता ने बंगाली में वंदे मातरम लिखे वज्रध्वज को डिजाइन किया। यह ध्वज जल्द ही प्रतिरोध का एक प्रतीक बन गया, जिसे बंगाल विभाजन के दौरान बैठकों और रैलियों में देखा गया और बाद में 1906 में कलकत्ता कांग्रेस में गर्व से प्रदर्शित किया गया। पहला ध्वज जिसे अखिल भारतीय मान्यता मिली 1906 में 7 अगस्त को कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। कलकत्ता ध्वज, जिसे बंदे मातरम ध्वज के नाम से भी जाना जाता है। यह जल्द ही भारत की एकता और आशा का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गया। शिवांग और सौम्या के साथ, अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

**(समाप्त)**